कक्षा–12

गणित विषय की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण सुझाव

गणित अध्ययन में अभ्यास की निरन्तरता बनी रहे तो आशानुरूप परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। गणित विषय की तैयारी करने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं को ध्यान में रखें –

- प्रत्येक विषय का निर्धारित पाठ्यक्रम एवं मॉडल प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट **upmsp.edu.in** पर उपलब्ध है उनका भली भाँति अध्ययन करें।
- विद्यार्थी अपनी **स्वयं की समय सारिणी** अवश्य बनाकर पढ़ें जिससे सम्पूर्ण निर्धारित पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति हो सके।
- गणित के पाठ्यक्रम को अपनी सुविधानुसार बचे हुये दिवसों में विभाजित कर लें, जिसमें **कठिन टॉपिक के लिए ज्यादा समय** निर्धारित करें।
- यदि कोई टॉपिक या प्रश्न अस्पष्ट हो तो **विषय अध्यापक से सम्पर्क** कर ससमय उन्हें स्पष्ट कर लें।
- **अध्यायवार सूत्रों की सूची बनाकर अपने अध्ययन कक्ष में चिपका लें व उन्हें कण्ठस्थ करें।**
- अध्याय से सम्बन्धित सभी **नियमों एवं मुख्य बिन्दुओं को एक साथ नोट कर** लें जिससे परीक्षा के समय रिवीजन करने में आसानी होगी।
- गणित में जो टॉपिक्स आपको सरल लगते हैं उन्हें सबसे पहले तैयार करें जिससे उन पर आपकी पकड़ मजबूत हो सके।
- रैखिक प्रोग्रामन के प्रश्नों को हल करते समय **रेखायें खींचने में स्केल व पेंसिल का प्रयोग** अवश्य करें।
- समाकलन में सभी मानक समाकलनों को सूचीबद्ध करते हुए उन्हें याद करें।
- परीक्षा से पूर्व **पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति** एवं प्रत्येक टॉपिक से सम्बन्धित उदाहरणों एवं प्रश्नों को हल करने का निरन्तर अभ्यास अवश्य करें।
- विषय से सम्बन्धित गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सामग्री/वीडियोज **'दीक्षा एप' एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के यू–ट्यूब चैनल 'ई–ज्ञान गंगा'** पर उपलब्ध है। विद्यार्थी उनसे भी सहायता ले सकते हैं।
- पुनरावृत्ति के साथ–साथ समय का प्रबन्धन अवश्य करें। इसके लिये माध्यमिक शिक्षा परिषद की **वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न** पत्र एवं **विगत पाँच वर्षों के प्रश्नपत्र** को निर्धारित समय में हल करने का प्रयास अवश्य करें।

प्रश्न पत्र को हल करते समय निम्न बिन्दुओं का ध्यान अवश्य रखें

- प्रश्नपत्र में दिये गये प्रश्नों को हल करने से पूर्व **ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें।**
- प्रश्नपत्र में जिन प्रश्नों का हल स्पष्ट हो उसे पहले हल करें तत्पश्चात् जिन प्रश्नों में कठिनाई हो उसे बाद में हल करें। समय नष्ट न करें।
- प्रश्नों को हल करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आपने प्रश्न सही–सही उतारा है अथवा नहीं। कभी–कभी प्रश्नों में दी गयी संख्याओं को गलत लिख लेने के कारण पूरी प्रक्रिया सही होने के बाद भी उत्तर सही नहीं आता है और अंक कट जाते हैं।
- प्रश्नों को हल करने में आवश्यक **सभी चरण (Steps) जरूर लिखें।**
- प्रश्नों के हल को स्पष्ट करनें में **आवश्यक चित्रों एवं ग्राफ** का प्रयोग अवश्य करें।
- उत्तर पुस्तिका में प्रश्नपत्र में दी गयी प्रश्न संख्या ही अंकित करें।
- प्रश्नों को स्वच्छ एवं स्पष्ट तरीके से हल करने का प्रयास करें यह भी ध्यान रहें कि **ओवरराइटिंग एवं ज्यादा कटिंग न हो।**
- रफ कार्य उत्तर पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर या दाहिनी ओर मार्जिन खींच कर करें तथा उस पृष्ठ के ऊपरी भाग पर रफ कार्य अंकित करें। **रफ कार्य करने के पश्चात् एक सीधी रेखा से काट दें।**
- प्रश्नपत्र पूरा हल करने के पश्चात् यह सुनिश्चित हों लें कि आपके द्वारा प्रश्नपत्र में अंकित सभी प्रश्नों को हल कर लिया गया है।